KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

**Q. Discuss the Directive Principles of State Policy contained in the Constitution of India and state its importance.**

**प्रश्नः- भारत के संविधान में निहित राज्य के नीति निर्देशक तत्वों की विवेचना करें एवं उसका महत्व बताएं।**

# BPSC - Mentorship — Polity MCQ - 35

**1.** भारतीय संविधान का भाग- 16 (अनुच्छेद-330 से 342 तक) सम्बन्धित है-
(A) लोक सभा में अनुसूचित जाति, जनजाति के आरक्षण तथा आंग्ल भारतीय समुदाय के प्रतिनिधित्व से
(B) प्रशासनिक अधिकरणों से
(C) अखिल भारतीय सेवाओं से
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में अनुसूचित जनजातियों के लिए राष्ट्रीय आयोग का प्रावधान है?
(A) 338A (B) 341
(C) 16
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3.** यह निश्चय करने का अधिकार कि कौन सी जाति अनुसूचित मानी जायेगी निम्नलिखित में किसको प्राप्त है-
(A) अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग
(B) राष्ट्रपति (C) प्रधानमंत्री
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**4.** कथन (A) : 'अल्पसंख्यक' शब्द की भारत के संविधान में परिभाषा नहीं दी गई है।
कथन (R) : अल्पसंख्यक आयोग सांविधानिक निकाय नहीं है।
उपरोक्त दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा सही है?
(A) A और B दोनों सही हैं और A की सही व्याख्या B करता है
(B) A और B दोनों सही हैं परन्तु A की सही व्याख्या B नहीं करता है
(C) A सही है, परन्तु B गलत है
(D) A गलत है, परन्तु B सही है

**5.** भारत के संविधान में लोकसभा में अनुसूचित जनजातियों के लिए व्यवस्था की गई है-
(A) अनुच्छेद 330 में (B) अनुच्छेद 331 में
(C) अनुच्छेद 332 में
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**6.** इनमें से कौन सा कथन सही नहीं है ?
(A) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की सूचियाँ प्रत्येक राज्य के लिए उस राज्य के राज्यपाल से परामर्श के पश्चात राष्ट्रपति द्वारा सन् 1950 में जारी आदेश द्वारा बनाई गई हैं
(B) इस सूची में संशोधन केवल संसद अधिनियम बनाकर कर सकती है
(C) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की सूचियां संबंधित राज्य सरकारों द्वारा बनाई और संशोधित की जाती है
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**7.** निम्न में किस प्रदेश में सर्वाधिक अनुसूचित जनजातियाँ है-
(A) बिहार (B) मध्य प्रदेश
(C) राजस्थान
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** निम्न में से किसमें किसी भी जाति के लिये आरक्षण है-
(A) राज्यसभा (B) जम्मू एवं कश्मीर विधानसभा
(C) राज्य विधान परिषदें
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**9.** अनुसूचित जनजाति का दर्जा
(A) हिन्दुओं तक सीमित है (B) धर्मनिष्ठ से तटस्थ है
(C) हिन्दुओं एवं ईसाईयों तक सीमित है
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** 2003 में गोरखाओं को ओ.बी.सी. का दर्जा दिया गया?
(A) यू.पी में (B) उत्तराखंड में
(C) महाराष्ट्र में
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** मंडल आयोग रिपोर्ट किस वर्ष प्रस्तुत की गई?
(A) 1990 (B) 1983
(C) 1980
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** मंडल आयोग, जिसके प्रस्तावों ने अक्षुण्य विवाद का सूत्रपात किया है, को गठित करने वाले थे-
(A) इंदिरा गांधी (B) मोरार जी देसाई
(C) राजीव गांधी
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13.** 14 अगस्त, 2007 को संसद द्वारा भारतीय संविधान में संशोधन के उपरान्त अब अनुसूचित जाति की सूची में जातियों की संख्या कितनी है ?
(A) 607 (B) 1206
(C) 1410
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14.** अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए एक राष्ट्रीय आयोग गठित करने का प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत किया गया है ?
(A) 338 और 338A (B) 337
(C) 334
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित किजिए तथा नीचे दिए गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए-

| **सूची-I (मानवाधिकार प्रलेखल)** | | **सूची-II (वर्ष)** | |
|---|---|---|---|
| a) | राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम | I) | 1992 |
| b) | बाल मजदूर निषेध एवं नियामक अधिनियम | II) | 1995 |
| c) | नि:शक्तजन (समान अधिकारिता अधिकार संरक्षण एवं पूर्ण सहभागिता) | III) | 1986 |
| d) | राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम | IV) | 1993 |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | II | I | III | IV |
| (B) | IV | III | II | I |
| (C) | III | I | II | IV |
| (D) | III | I | IV | II |

**16.** किसी जाति तथा जनजाति को अनुसूचित जाति तथा अनुसूचि जनजाति घोषित करने हेतु, शक्ति सम्पन्न सांविधानिक प्राधिकारी है :
(A) भारत का राष्ट्रपति (B) भारत का प्रधानमन्त्री
(C) समाज कल्याण मंत्री
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट सर्वप्रथम कब अधिनियमित हुआ था?
(A) 1952 (B) 1924
(C) 1871
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** पिछड़ी जाति आयोग के प्रथम सभापति कौन थे?
(A) जगजीवन राम० (B) काका साहेब कालेलकर
(C) बी० डी० शर्मा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19.** निम्नलिखित में से कौन संवैधानिक निकाय है?
1. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग
2. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
3. राष्ट्रीश जाँच एजेंसी
4. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
(A) 1, 2, 4 (B) 1, 2, 3
(C) केवल 2
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** निम्नांकित में से कौन-सा संवैधानिक संशोधान भारत में पिछड़ी जातियों के लिए राष्ट्रीय आयोग के गठन से सम्बन्धित है?
(A) 100वाँ संवैधानिक संशोधन
(B) 101वाँ संवैधानिक संशोधन
(C) 102वाँ संवैधानिक संशोधन
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** मत देने का अधिकार और निर्वाचित होने का अधिकार भारत में है एक..........है।
(A) मौलिक अधिकार (B) वैधानिक अधिकार
(C) संवैधानिक अधिकार
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** संसद के सदस्य की निरर्हताओं से सम्बन्धित प्रश्न का विनिश्चय करते समय राष्ट्रपति निम्नलिखित में से किसकी राय प्राप्त करेगा ?
(A) भारत के मुख्य न्यायाधीश की
(B) भारत के निर्वाचन आयोग की
(C) भारत के महान्यायावादी की
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23.** राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है।
(A) 15 जनवरी को (B) 25 जनवरी को
(C) 15 फरवरी को
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** नीचे दिये गये तथ्यों पर ध्यान दीजिए :
1. भारत के प्रथम मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुकुमार सेन थे ।
2. भारत की पहली महिला मुख्य निर्वाचन आयुक्त रमा देवी थीं।
नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये-
कूट :
(A) केवल 1 सही है (B) केवल 2 सही है
(C) 1 और 2 सही है (D) 1 और 2 दोनों गलत है

**25.** भारत के संविधान के अनुच्छेद 103 के तहत, राष्ट्रपति लोक सभा सदस्यों की निरर्हताओं से सम्बनिधत किसी भी प्रश्न पर कोई निर्णय देने से पूर्व निम्नांकित में से किसकी राय लेगा?
(A) लोकसभा अध्यक्ष (B) निर्वाचन आयोग
(C) उच्चतम न्यायालय
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## ANSWER KEY

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. (A) | 02. (A) | 03. (B) | 04. (B) | 05. (A) |
| 06. (C) | 07. (B) | 08. (B) | 09. (B) | 10. (B) |
| 11. (C) | 12. (B) | 13. (B) | 14. (A) | 15. (B) |
| 16. (A) | 17. (C) | 18. (B) | 19. (C) | 20. (C) |
| 21. (B) | 22. (B) | 23. (B) | 24. (C) | 25. (B) |

# BPSC Mentorship
# Economics - MCQ (35)

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन अवस्फीति (Deflation) को परिभाषित करता है ?
(A) वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति की अपेक्षा उसकी मांग अधिक होना।
(B) कीमतों को धीरे-धीरे घटाकर सामान्य स्तर पर लाने हेतु राजकोषीय एवं मौद्रिक नीति में सुधार
(C) अर्थव्यवस्था में वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति की अपेक्षा उनकी मांग में कमी आना
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2.** खाद्यान्नों के भंडारण हेतु बफर स्टॉक की अवधारणा की शुरूआत किस पंचवर्षीय योजना के दौरान हुआ था?
(A) प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-56)
(B) द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1956-61)
(C) तृतीय पंचवर्षीय योजना (1961-66)
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3.** व्यापार चक्र के विभिन्न अवस्थाओं के दौरान उत्पन्न होने वाली बेरोजगारी को कहा जाता है-
(A) चक्रीय बेरोजगारी (B) घर्षणात्मक बेरोजगारी
(C) संरचनात्मक बेरोजगारी
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**4.** भारत में गरीबी के स्तर का आकलन किस आधार पर किया जाता है ?
(A) देश में स्थित मलिन बस्तियों की जनसंख्या के आधार पर
(B) परिवार की औसत आय के आधार पर
(C) परिवार के उपभोग व्यय के आधार पर
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** योजना आयोग के 65 वर्षों के इतिहास में कुल कितने वर्ष योजना अवरोधीत (योजनावकाश) रहा ?
(A) 3 वर्ष (B) 5 वर्ष
(C) 6 वर्ष
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**6.** जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था का विकास होता है, देश की जीडीपी (GDP) में किस क्षेत्र का हिस्सा बढ़ता है ?
(A) प्राथमिक क्षेत्र (B) द्वितीयक क्षेत्र
(C) तृतीयक क्षेत्र
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**7.** भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) की स्थापना की गई-
(A) 2 अप्रैल 1990 को (B) 1 अप्रैल 1982 को
(C) 1 जुलाई 1990 को
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** 2008 में शुरू की गई 'मेगा फूड पार्क' योजना का मुख्य उद्देश्य है-
(A) कृषि उत्पाद के निर्यात को बढ़ावा देना
(B) खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के विकास को प्रोत्साहित करना
(C) कृषि उत्पाद के बफर स्टॉक को समाप्त करना
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**9.** 'द्वितीय हरित क्रांति' अवधारणा किसके द्वारा दिया गया है-
(A) श्री नीतीश कुमार (B) श्री नरेन्द्र मोदी
(C) स्व. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** निम्न में कौन-सा विकल्प सही सुमेलित नहीं है?
(A) रजत क्रांति - अंडा उत्पादन
(B) श्वेत क्रांति - दूध उत्पादन
(C) नीली क्रांति - मछली उत्पादन
(D) गुलाबी क्रांति - मांस उत्पादन

**11.** निम्न में कौन-सी अंतराष्ट्रीय संस्था 'मानव विकास सूचकांक' जारी करती है ?
(A) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
(B) अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष
(C) विश्व बैंक
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** राष्ट्रीय आय लेखांकन में मुख्य योगदान किसका है ?
(A) केन्ज (B) मार्शल
(C) कुजनेट्स
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13.** आवश्यकताएँ होती है-
(A) सीमित (B) असीमित
(C) शून्य
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14.** निम्नलिखित में कौन - सा एक व्यष्टि अर्थशास्त्र (Micro Economics) के अध्ययन क्षेत्र हैं ?
(A) राष्ट्रीय आय (B) बेरोजगारी
(C) वस्तु का कीमत निर्धारण
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** निम्न में कौन-सा एक मिश्रित अर्थव्यवस्था के लक्षण नहीं है ?
(A) निजी तथा सार्वजनिक क्षेत्रों का सह-अस्तित्व
(B) योजनात्मक अर्थव्यवस्था व सरकारी नियंत्रण
(C) पूर्ण रूप से सामाजिक कल्याण का लक्ष्य
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**16.** मुद्रा पूर्ति के $M_1$ माप के अंतर्गत शामिल होते हैं-
(A) जनता के पास करेंसी (B) माँग जमाएँ
(C) रिजर्व बैंक के पास अन्य जमाएँ
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** केन्द्रीय बैंक (भारतीय रिजर्व बैंक) निम्नलिखित में कौन-सा कार्य नहीं करता है ?
(A) जनता की जमा पर ब्याज देना
(B) सरकारी बैंक के रूप में कार्य करना
(C) अंतिम ऋणदाता के रूप में कार्य करना
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** भारत का वित्तीय वर्ष है-
(A) 1 अप्रैल से 31 मार्च (B) 1 जनवरी से 31 दिसंबर
(C) 1 अक्टूबर से 30 सितंबर
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19.** गैर बैंकिंग इकाईयों के स्वामित्व में संचालित होने वाले एटीएम को क्या कहा जाता है ?
(A) ब्राउन लेवल एटीएम (B) व्हाइट लेवल एटीएम
(C) येलो लेवल एटीएम
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** गिल्ट - एज्ड बाजार का संबंध है-
(A) सरकारी प्रतिभूति के बाजार से
(B) जीवन बीमा बाजार से
(C) चिट फंड बाजार से
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** सरकारी व्यय को नियंत्रित करने वाला प्राधिकारी है -
(A) भारतीय रिवर्ज बैंक (B) योजना आयोग
(C) वित्त मंत्रालय
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** वस्तु एवं सेवाकर (GST) के तहत ई-वे बिल (e-way Bill) की शुरूआत कब की गई ?
(A) 1 अप्रैल 2017 को (B) 1 जुलाई 2018 को
(C) 1 अप्रैल 2018 को
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23.** निम्न में कौन अप्रत्यक्ष कर के उदाहरण हैं ?
(A) सीमा शुल्क (B) सेवा कर
(C) उत्पाद शुल्क
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** भारत में सर्वशिक्षा अभियान का प्रारंभ हुआ था-
(A) 2001 में (B) 2003 में
(C) 2004 में
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**25.** संतुलन बिंदु वह बिंदु है जिस पर माँग तथा पूर्ति की शक्तियाँ-
(A) बराबर होती है। (B) बराबर नहीं होती है।
(C) आगे-पीछे हो जाती है।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## ANSWER KEY

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. (C) | 02. (E) | 03. (A) | 04. (C) | 05. (C) |
| 06. (C) | 07. (A) | 08. (B) | 09. (C) | 10. (D) |
| 11. (A) | 12. (A) | 13. (B) | 14. (C) | 15. (C) |
| 16. (D) | 17. (A) | 18. (A) | 19. (B) | 20. (A) |
| 21. (C) | 22. (C) | 23. (D) | 24. (A) | 25. (A) |

KHAN GLOBAL STUDIES Kisan Cold Storage Campus, Musallahpur, Patna-6 KHAN SIR

# BPSC Mentorship
# Current Affairs - MCQ (35)

1. 'प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वास्तुकला के सर्वोच्च सम्मान के रूप में माना जाता है।
   2. 'सर डेविड एलन चिपरफील्ड' को वर्ष 2023 में इस पुरस्कार विजेता के रूप में चुना गया है।
   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2
2. 'केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. वर्ष 2023 में इसका 54वां स्थापना दिवस मनाया गया है।
   2. यह 'केंद्रीय गृह मंत्रालय' के अंतर्गत कार्य करता है।
   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2
3. हाल ही में 'शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल-थानी' को किस देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया था?
   (a) कतर (b) कुवैत
   (c) सऊदी अरब (d) संयुक्त अरब अमीरात
4. मार्च 2023 में सम्पन्न '19वीं बिम्सटेक मंत्रिस्तरीय बैठक' का मेजबान देश था?
   (a) बांग्लादेश (b) थाईलैंड
   (c) भारत (d) नेपाल
5. निम्नलिखित में से कौन सा एक राष्ट्रीय उद्यान/टाइगर रिजर्व मध्यप्रदेश में स्थित है?
   (a) रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व
   (b) रणथंबीर राष्ट्रीय उद्यान
   (c) सरिस्का टाइगर रिजर्व
   (d) माधव राष्ट्रीय उद्यान
6. हाल ही में चर्चा में रहे 'Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE) के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. इसका उद्देश्य 'कंपनी अधिनियम 2013' के तहत रिकॉर्ड से कंपनी के नाम को हटाने के लिए आवेदनों को संसाधित करना और निपटाना है।
   2. इसे वर्ष 2016 में स्थापित किया गया था।
   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2
7. मार्च 2023 में 'ली चियांग' को किस देश के नए प्रधानमन्त्री के रूप में नियुक्त किया गया था?
   (a) जापान (b) चीन
   (c) उत्तर कोरिया (d) दक्षिण कोरिया
8. निम्नलिखित में से कौन सा 'एक देश, एक चालान' का प्रयोग करने वाला भारत का पहला राज्य है?
   (a) तेलंगाना (b) उत्तर प्रदेश
   (c) गुजरात (d) असम
9. 'SWAMIH Investment Fund' के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   1. यह एक सामाजिक प्रभाव कोष है जिसे रुकी हुई, ब्राउनफील्ड और RERA पंजीकृत आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए ऋण वित्तपोषण प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।
   2. यह फंड केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा प्रायोजित है।
   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2
10. निम्नलिखित में से किसने मार्च 2023 में 'ग्लोबल ग्रीनहाउस गैस मॉनिटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर' प्रस्तुत किया था जिसका उद्देश्य ग्रीनहाउस गैसों के मानकीकृत और वास्तविक समय पर नजर रखना है?
    (a) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम
    (b) विश्व मौसम विज्ञान संगठन
    (c) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
    (d) विश्व आर्थिक मंच
11. हाल ही में चर्चा में रहा 'भारतीय चारागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान' स्थित है?
    (a) झांसी, उत्तर प्रदेश में (b) रांची, झारखण्ड में
    (c) उदयपुर, राजस्थान में (d) देहरादून, उत्तराखण्ड में
12. मार्च 2023 में किस राज्य के 'हुब्बल्ली' में प्रधानमन्त्री 'नरेन्द्र मोदी' ने 'विश्व के सबसे लम्बे रेलवे प्लेटफार्म' का उद्घाटन किया था?
    (a) तमिलनाडु (b) कर्नाटक
    (c) ओड़िशा (d) आंध्रप्रदेश
13. हाल ही में संपन्न 95वें अकादमी पुरस्कार समारोह के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
    1. इस समारोह में 'RRR' फिल्म के 'नाटू-नाटू 'गीत' को 'सर्वश्रेष्ठ मूल गीत' के लिए 'ऑस्कर पुरस्कार' प्रदान किया गया है।
    2. इस समारोह में भारत की लघु फिल्म 'द ऐलिफेंट विस्पर्स' को सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म श्रेणी में ऑस्कर पुरस्कार मिला है।
    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है/हैं?
    (a) केवल 1 (b) केवल 2
    (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही

**14.** हाल ही में चर्चा में रहे 'सिगुर पठार' का विस्तार है-
(a) दक्षिण अंडमान द्वीप पर
(b) पूर्वी भारत के त्रिपुरा राज्य में
(c) अरावली शृंखला के पूर्व में
(d) नीलगिरि पहाड़ियों के उत्तर में

**15.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. वायुमंडलीय नदी वायुमंडल में एक संकीर्ण और लम्बा क्षेत्र है जो उष्ण कटिबंध के बाहर पर्याप्त मात्रा में जल वाष्प का वहन करता है।
2. 'पाइनएप्पल एक्सप्रेस' 'वायुमंडलीय नदी' का एक उदाहरण है जो नमी को प्रशांत क्षेत्र से अमेरिका और कनाडा तक ले जाती है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**16.** हाल ही में चर्चा में रहा 'चितवन नेशनल पार्क' स्थित है
(a) भारत में (b) नेपाल में
(c) श्रीलंका में (d) बांग्लादेश में

**17.** हाल ही में किस 'अंतरिक्ष एजेंसी' ने 'मून टाइम जोन' प्रस्तावित किया है जो विभिन्न चंद्र मिशनों के बीच संचार और समन्वय को सरल करेगा?
(a) यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (b) नासा
(c) इसरो (d) जापानी अंतरिक्ष एजेंसी

**18.** हाल ही में RBI ने 'इरेडा' को 'इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी का दर्जा दिया है।
इस सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. इस स्टेटस के साथ 'इरेडा' अक्षय ऊर्जा फंडिंग में ज्यादा जोखिम लेने में सक्षम होगा।
2. 'इरेडा' को वर्ष 2004 में 'गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्था' के रूप में एक 'पब्लिक लिमिटेड कंपनी' के तौर पर गठित किया गया था।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**19.** मार्च 2023 में सम्पन्न 'बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी' का विजेता देश रहा है?
(a) भारत (b) ऑस्ट्रेलिया
(c) श्रीलंका (d) बांग्लादेश

**20.** निम्नलिखित में से कौन सा एक देश हाल ही में संपन्न 'AUKUS' परमाणु पनडुब्बी समझौते का भाग नहीं है?
(a) संयुक्त राज्य अमरीका (b) ऑस्ट्रेलिया
(c) ब्रिटेन (d) भारत

**21.** हाल ही में सम्पन्न 'महिला विश्व मुक्केबाजी चौंपियनशिप' के 13वें संस्करण के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
1. यह चौंपियनशिप भारत में आयोजित की गयी थी।
2. भारत इस चौंपियनशिप का प्रथम बार मेजबान देश बना है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा /से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**22.** निम्नलिखित में से किसने 'अटल टिंकरिंग लैब्स' के बढ़ते इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए एक व्यापक स्व-निगरानी ढांचा 'एटीएल सारथी' शुरू किया है?
(a) नीति आयोग (b) शिक्षा मंत्रालय
(c) DRDO (d) भारतीय रिजर्व बैंक

**23.** निम्नलिखित किस राज्य ने हाल ही में राज्य सरकार की नौकरियों में राज्य के गठन के लिए आंदोलन करने वालों को 'दस प्रतिशत आरक्षण' देने को अपनी स्वीकृति प्रदान की है।
(a) झारखण्ड (b) उत्तराखंड
(c) छत्तीसगढ़ (d) तेलंगाना

**24.** .............और भारतीय सेना ने हाल ही में संपन्न द्विपक्षीय अभ्यास 'बोल्ड कुरुक्षेत्र' के 13वें संस्करण में भाग लिया था?
(a) फिलिपीन्स (b) बांग्लादेश
(c) सिंगापुर (d) जर्मनी

**25.** हाल ही में चर्चा में रहा 'मेरापी' ज्वालामुखी किस देश में स्थित है?
(a) जापान (b) इंडोनेशिया
(c) फिलिपीन्स (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## ANSWER KEY

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 01. (c) | 02. (c) | 03. (a) | 04. (b) | 05. (d) |
| 06. (a) | 07. (b) | 08. (c) | 09. (c) | 10. (b) |
| 11. (a) | 12. (b) | 13. (c) | 14. (d) | 15. (c) |
| 16. (b) | 17. (a) | 18. (a) | 19. (a) | 20. (d) |
| 21. (a) | 22. (a) | 23. (b) | 24. (c) | 25. (b) |

KHAN GLOBAL STUDIES
KGS Campus, Sai Mandir, Musallahpur Hatt, Patna - 6
Mob : 8877918018, 875735880

# BPSC - Mentorship
## Current Affairs Capsule-35

## 10 मार्च

### *'आपदा जोखिम न्यूनीकरण' के लिए राष्ट्रीय मंच का तीसरा सत्र*

- प्रधानमंत्री 'श्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में 'आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए राष्ट्रीय मंच (NPDRR) के तीसरे सत्र का उद्घाटन किया।
- इस मंच के तीसरे सत्र की मुख्य थीम 'बदलती जलवायु में स्थानीय स्तर पर मजबूती सुनिश्चित करना' है।
- इस आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री ने 'सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार' विजेताओं का अभिनंदन किया। वर्ष 2023 पुरस्कार के विजेता ओडिशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (OSDMA) और लुंगलेई फायर स्टेशन, मिजोरम हैं।

### *प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार - 2023*

- नागरिक वास्तुकार, शहरी योजनाकार और कार्यकर्ता, 'सर डेविड एलन चिपरफील्ड' को प्रित्जकर आर्किटेक्चर पुरस्कार के 2023 पुरस्कार विजेता के रूप में चुना गया है, यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वास्तुकला के सर्वोच्च सम्मान के रूप में माना जाता है।
- डेविड चिपरफील्ड वर्ष 1979 में स्थापित प्रित्जकर पुरस्कार के 52वें विजेता हैं। वर्ष 2022 में 'फ्रांसिस केरे' को यह पुरस्कार दिया गया था।
- यह पुरस्कार अमेरिका के शिकागो के प्रित्जकर परिवार द्वारा वर्ष 1979 में अपने 'हयात फाउंडेशन' के माध्यम से स्थापित किया गया था।
- यह पुरस्कार प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है और अक्सर इसे "वास्तुकला का नोबेल'' भी कहा जाता है।

### *केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF)*

- CISF स्थापना दिवस प्रत्येक वर्ष 10 मार्च को मनाया जाता है। वर्ष 2023 में, CISF का 54वां स्थापना दिवस मनाया गया।
- इसकी स्थापना भारतीय संसद द्वारा ब्ैष्थ् अधिनियम 1968, के तहत वर्ष 1969 में की गई थी। यह 'केंद्रीय गृह मंत्रालय' के अंतर्गत कार्य करता है।
- इसको भारत का एक सशस्त्र बल के रूप में, 15 जून 1983 को पारित संसद के अधिनियम द्वारा बनाया गया था।
- भारत की महत्वपूर्ण सरकारी अवसंरचना परियोजनाओं और औद्योगिक भवनों को सुरक्षा प्रदान करने का कार्य CISF को दिया गया है।

## 11 मार्च

### *लाल ज्वार*

- हाल ही में फ्लोरिडा के तट पर लाल ज्वार (Red Tide) आया है। यह आमतौर पर वसंत ऋतू तक गायब हो जाता है। यह मेक्सिको की खाड़ी में 1800 के दशक से पाया गया है।
- लाल ज्वार एक शैवाल का प्रस्फुटन है। समुद्र में रहने वाले समुद्री पौधे अनियंत्रित रूप से बढ़ते हैं और प्रस्फुटन का कारण बनते हैं।
- 'रेड टाइड' एक जहरीले शैवाल प्रजाति के कारण होता है जिसे 'करेनिया ब्रेविस' के नाम से जाना जाता है।

### *ऑक्सीजन-18*

- नासा के Stratospheric Observatory for Infrared Astronomy (SOFIA) पर GREAT इंस्ट्रूमेंट द्वारा एकत्र किए गए डेटा का उपयोग करके पृथ्वी के मेसोस्फीयर और निचले थर्मोस्फीयर में पहली बार ऑक्सीजन-18 का पता लगाया गया था।
- यह पहली बार है जब किसी प्रयोगशाला के बाहर भारी ऑक्सीजन पाई गई है।

## 12 मार्च

### *विश्व का सबसे लम्बा रेलवे प्लेटफार्म*

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व के सबसे लम्बे रेलवे प्लेटफार्म का हुब्बल्ली (कर्नाटक) में उद्घाटन भी किया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ हजार चार सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित 10 लेन वाला बेंगलुरू मैसूर एक्सप्रेस-वे राष्ट्र को समर्पित किया
- प्रधानमंत्री ने होसपेट-हुब्बल्ली - तिनाईघाट खंड के विद्युतीकरण और होसपेट स्टेशन परियोजना भी राष्ट्र को समर्पित की।

### *ऑस्कर पुरस्कार - भारत*

- 95वें अकादमी पुरस्कार समारोह में एस. एस. राजामौली की फिल्म RRR के 'नाटू-नाटू गीत' को 'सर्वश्रेष्ठ मूल गीत' के लिए ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म चुना गया है।

गीत के संगीतकार 'एम. एम. कीरावनी', 'गीतकार चंद्रबोस' ने मिलकर पुरस्कार प्राप्त किया। 'नाटू-नाटू गीत' के पार्श्वगायक राहुल सिपलीगुंज और काला भैरव ने अमरीका के लॉस एंजेलस डॉल्बी थियेटर में अकादमी पुरस्कार समारोह प्रस्तुत किया।

- दीपिका पादुकोण ने समारोह में गीत गायन प्रस्तुति की घोषणा की।
- इस फिल्म को स्वंतत्रता सेनानी कोमारम भीम और अल्लूरी सीतारामा राजू से प्रेरणा मिली।
- ऑस्कर के लिए अकादमी पुरस्कार में भारत की 'लघु फिल्म द ऐलिफेंट विस्पर्स' को सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म श्रेणी में ऑस्कर पुरस्कार मिला है।
- फिल्म निर्माता 'कार्तिकी गोन्स्लवेज' और प्रोड्यूसर 'गुनीत मोंगाश की 41 मिनट की लघु फिल्म में अनाथ शिशु हाथी 'रघु' और उसकी देखभाल करने वाले के बीच संबंध दिखाया गया है।
- लघु फिल्म श्रेणी में चार अन्य नामित फिल्में थीं- हालौत, मराठा मिचेल इफेक्ट, स्ट्रेंजर एट द गेट और हाउ डू यू मेजर ए ईयर? द ऐलिफेंट विस्पर्स इस श्रेणी में ऑस्कर प्राप्त करने वाली पहली भारतीय फिल्म है।
- 1969 में 'द हाउस दैट आनन्दा बिल्ट' और 1979 में 'एन एनकाउंटर विद फेसिस' के नामित होने के बाद 'द ऐलिफेंट विस्पर्स' तीसरी फिल्म है जिसे नामित किया गया।
- 2008 में ब्रिटिश फिल्म 'स्लमडॉग मिलिनेयर' में ए आर रहमान द्वारा संगीतबद्ध और गीतकार 'गुलजार' द्वारा लिखित 'जय हो गीत' सर्वश्रेष्ठ मूल स्कोर और मूल गीत श्रेणियों में अकादमी पुरस्कार प्राप्त करने वाला पहला हिन्दी गीत बना था।

## 13 मार्च

### *भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा)*

- भारतीय रिजर्व बैंक ने 'इरेडा' को इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी का दर्जा दिया है। इसे पहले शनिवेश और क्रेडिट कंपनीश के रूप में वर्गीकृत किया गया था। इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी इस स्टेटस के साथ, इरेडा अक्षय ऊर्जा फंडिंग में ज्यादा जोखिम लेने में सक्षम होगा।
- यह भारत सरकार के 'नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय' के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्यरत एक मिनीरत्न (श्रेणी 1) प्रकार की कंपनी है।
- इसे वर्ष 1987 में 'गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्था' के रूप में एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी के तौर पर गठित किया गया था।

### *'सिंधुकीर्ति' पनडुब्बी*

- रक्षा मंत्रालय ने 13 मार्च, 2023 को आत्मनिर्भर भारत हासिल करने और उसे बढ़ावा देने के लिए 934 करोड़ रुपये की कुल लागत से हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड, विशाखापत्तनम में सिंधुकीर्ति पनडुब्बी की सामान्य मरम्मत के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।
- यह 9 दिसंबर, 1989 को नौसेना में शामिल की गई थी।
- INS सिंधुकीर्ति (एस-61) भारतीय नौसेना की सातवीं सिंधुघोष श्रेणी की डीजल - इलेक्ट्रिक पनडुब्बी है।

### *युद्धाभ्यास ला पेरोस - 2023*

- बहुपक्षीय युद्धाभ्यास 'ला पेरोस' का तीसरा संस्करण 13 से 14 मार्च 2023 को हिंद महासागर क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है।
- इस संस्करण में रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना, फ्रांसीसी नौसेना, भारतीय नौसेना, जापानी मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स, रॉयल नेवी और यूनाइटेड स्टेट्स नेवी के कर्मियों, जहाजों और इन्टग्रल हेलीकाप्टरों की भागीदारी रहेगी।

### *शहीद कैप्टन श्महेंद्र नाथ मुल्ला*

- शहीद कैप्टन महेंद्र नाथ मुल्ला की पुत्रियों श्रीमती अमिता मुल्ला वट्टल और श्रीमती अंजलि कौल ने 11 मार्च, 2023 को अपने पिता के सम्मान में नौसेना शिशु विद्यालय (एनसीएस) दिल्ली में एक ट्रॉफी की संस्थापना की।
- इस पुरस्कार को कैप्टन एमएन मुल्ला, एमवीसी, मेमोरियल आउटस्टैंडिंग स्टूडेंट अवार्ड नाम दिया गया है और यह INS दिल्ली के दो छात्रों (एक लड़का और एक लड़की) को दिया प्रदान किया जाएगा।
- वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान 09 दिसंबर, 1971 की रात को, INS खुकरी शत्रुओं की एक पनडुब्बी द्वारा दागे गए टॉरपीडो से टकराकर डूब गया था। जहाज परित्यक्त करने का निर्णय करने के बाद, कप्तान मुल्ला ने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना अपने जहाज की कंपनी के बचाव के लिए बहुत ही स्थिर, शांत और व्यवस्थित तरीके से सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की थी।

●●●